an>

Title: Need to take steps to complete Saryu Nahar Pariyojana.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): माननीय सभापति महोदया, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों को उठाने की अनुमति दी । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि एक महत्वाकांक्षी सरयू नहर परियोजना है । यह लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, बस्ती, संतकबीर नगर जो कि नेपाल की फुटहिल्स पर हैं, उनको जोड़ती है । आपने देखा है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बिहार में प्रत्येक वर्ष बाढ़ से किसानों की हजारों हेक्टेयर फसल का नुकसान हो जाता है । उनके खून-पसीने की गाढ़ी मेहनत की कमाई बरबाद हो जाती है । इसको देखते हुए सरकार ने सरयू परियोजना बनाने का काफी वर्षों पहले निर्णय किया, लेकिन कतिपय कारणों से पिछले 40 वर्षों से यह परियोजना पूरी नहीं हो पाई है ।

पिछले दिनों हमारी सरकार आने के पश्चात गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ने भी इसको सपोर्ट किया है और इसको प्राथमिकता के आधार पर रखा है । इसके लिए मैं भारत सरकार का आभार भी व्यक्त करता हूं और यह मांग करता हूं कि हमारी जो सरयू नहर परियोजना है, इसके अंतर्गत सरयू अयोध्या से होकर जाती है और राप्ती नदी सिद्धार्थनगर से होकर जाती है । राप्ती लिंक चैनल और राप्ती मेन चैनल को जोड़ने से इन सारे इलाकों में किसानों के लिए सिंचाई करने की क्षमता बढ़ जाएगी और बाढ़ को रोकने में हम कामयाब रहेंगे, क्योंकि यह एक तरह से रिजर्वायर की भांति काम करेगा ।

अत: मैं आपके माध्यम से यह मांग करता हूं कि यह सरयू परियोजना टाइम बाउंड समय में शीघ्र से शीघ्र पूरी की जाए । श्री मेघवाल जी यहां बैठे हुए हैं और यह एक महत्वपूर्ण विषय है, जिसके लिए भारत सरकार ने पैसा भी दिया हुआ है, अत: यदि यह सरयू परियोजना पूरी हो जाएगी तो पूर्वी उत्तर प्रदेश के

किसानों की सिंचाई की क्षमता बढ़ जाएगी और हम बाढ़ को रोकने में कामयाब होंगे । धन्यवाद ।

माननीय सभापति : श्री हनुमान बेनीवाल जी, कृपया एक से दो मिनट में अपनी बात पूरी करें । उससे ज्यादा समय नहीं मिलेगा ।